C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 232 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 14 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4



## राजस्थान के हर सीएचसी पर मिलेगी प्रारंभिक ईसीजी सुविधा, टेक्नीशियन नियुक्त होंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

देश में थ्रोम्बोसिस (खून का थक्का जमने) और उससे जुड़े हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि के बीच राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब राजस्थान के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर प्रारंभिक जांच और उपचार की सुविधा विकसित की जाएगी। इसके तहत प्रत्येक सीएचसी पर ईसीजी टेक्नीशियन नियुक्त किए जाएंगे, ताकि मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिल सके।

सरकार के इस निर्णय का राजस्थान ईसीजी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ ने स्वागत किया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सीएचसी स्तर पर ईसीजी टेक्नीशियन की नियुक्ति से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के मरीजों को त्वरित लाभ मिलेगा तथा हार्ट अटैक जैसे मामलों में 'गोल्डन ऑवर' के दौरान इलाज संभव हो सकेगा।

संघ का कहना है कि जयपुर के विभिन्न सैटेलाइट अस्पतालों में भी ईसीजी टेक्नीशियन के स्थायी पद स्वीकृत नहीं हैं, जिससे कार्य व्यवस्था प्रभावित होती है। संघ ने सरकार से मांग की है कि सीएचसी स्तर के साथ-साथ बड़े अस्पतालों में भी स्थायी पद सृजित किए जाएं, ताकि मरीजों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिल सके।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि हृदय रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्राथमिक स्तर पर जांच सुविधा का विस्तार एक सकारात्मक कदम है, लेकिन शहरी तृतीयक अस्पतालों में भी संरचनात्मक मजबूती उतनी ही जरूरी

## पंचायती राज चुनाव 2026: जिला परिषद-पंचायत समिति में ईवीएम, सरपंच चुनाव मतपत्र से




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिला परिषद एवं पंचायत समितियों के सभी वार्डों में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराया जाएगा, जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और वार्डपंच के चुनाव पारंपरिक मतपत्र (मतपेटी) के माध्यम से संपन्न होंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि यह निर्णय राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 35 के तहत लिया गया है। नियमों में प्रावधान है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन अथवा मतपत्र के माध्यम से कराया जा सकता है। परिस्थितियों और प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय लेने का अधिकार राज्य निर्वाचन आयोग को है।

आयुक्त ने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति स्तर पर ईवीएम के उपयोग से मतदान प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, त्वरित और पारदर्शी बनेगी। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच एवं वार्डपंच के चुनाव मतपत्र के जरिए कराए जाने से स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सुगमता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों तथा चुनाव ड्यूटी में नियुक्त समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें। ईवीएम की उपलब्धता, प्रशिक्षण, मतदान दलों की नियुक्ति और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## फोकस लाइव पॉडकास्ट का असर: बिजोलिया के जमींदोज स्कूल भूखंड पर फिर लगा विद्यालय बोर्ड, गेट पर ताला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के बिजोलिया स्थित तेजाजी चौक में जमींदोज विद्यालय भवन का मामला एक बार फिर चर्चा में है। भीलवाड़ा फोकस लाइव पॉडकास्ट में मुद्दा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब इस भूखंड पर हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार को जमींदोज स्थल के मुख्य द्वार पर संस्था विकास एवं प्रबंध समिति, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से संपत्ति विद्यालय की होने का बोर्ड लगा दिया गया तथा गेट पर ताला जड़ दिया गया।

नगर में इस कार्रवाई को पॉडकास्ट के बाद बढ़े जनदबाव का परिणाम माना जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से समाजसेवियों, पूर्व शिक्षकों और नागरिकों द्वारा विद्यालय प्रशासन से स्पष्ट स्थिति बताने की मांग जोर पकड़ रही थी। ऐसे में विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा बोर्ड लगाकर स्वामित्व स्पष्ट करना एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।





उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 में तेजाजी चौक स्थित पुराने विद्यालय भवन को गिरा दिया गया था। इसी स्थान पर नगर के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का नया भवन प्रस्तावित था। इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति तो प्रदान कर दी गई थी, लेकिन वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं हो सकी। इसके बावजूद भवन को ध्वस्त कर दिया गया और तब से लेकर अब तक तीन वर्षों से स्थल पर मलवा पड़ा रहा।

भूमि शिक्षा विभाग के अधीन होने के बावजूद समय-समय पर इसके अन्य उपयोग को लेकर चर्चाएं भी चलती रहीं, जिससे जनसंशय और बढ़ा। फोकस लाइव पॉडकास्ट में पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र सिंह राजौरा ने प्रशासनिक जल्दबाजी, जन-संवाद की कमी और जवाबदेही के मुद्दे उठाए थे। इसके बाद मामला पुनः जनचर्चा में आ गया।

हालांकि वर्तमान में बोर्ड लगाने और ताला जड़ने की कार्रवाई को स्वामित्व स्पष्ट करने की पहल माना जा रहा है, लेकिन नए भवन निर्माण अथवा भूमि के अंतिम उपयोग को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक समयबद्ध घोषणा नहीं की गई है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल बोर्ड लगाने से समाधान नहीं निकलेगा। या तो शीघ्र नए विद्यालय भवन का निर्माण प्रारंभ किया जाए या भूमि के संबंध में स्पष्ट और सार्वजनिक निर्णय जारी किया जाए। फिलहाल इतना तय है कि पॉडकास्ट में मुद्दा उठने के बाद जमींदोज विद्यालय की फाइल फिर प्रशासनिक और जनचर्चा के केंद्र में आ गई है।

## पिता बना हैवान: 8 माह की बेटी का गला काटा, खुद भी की आत्महत्या की कोशिश





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजधानी के मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद के बाद एक 20 वर्षीय पिता ने अपनी 8 माह की मासूम बेटी का कैंची से गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने खुद पर भी कैंची से हमला किया और फंदे पर लटककर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के बहराइच निवासी सादाब पुत्र मोहम्मद शरीफ की शादी जुलाई 2024 में मालपुरा गेट की अंबेडकर कॉलोनी निवासी रूकसार बानो से हुई थी। दंपती की 8 महीने की बेटी सहनाज थी। तीनों उत्तर प्रदेश में रहते थे और करीब छह दिन पहले सादाब पत्नी और बेटी को लेकर ससुराल आया था।

बताया जा रहा है कि 6 फरवरी की सुबह गांव लौटने की बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। पत्नी ने कुछ दिन और रुकने की बात कही, जिससे नाराज होकर सादाब ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और गला दबाने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए साले सोहिल के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की और स्टील की केतली से हमला कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और मामला शांत कराया।

घटना के बाद आरोपी ने अचानक बेटी को गोद से छीन लिया और कमरे में बंद हो गया। अंदर से कुंडी लगाने के बाद उसने मासूम का कैंची से गला काट दिया। बच्ची को कंबल में लपेट दिया और खुद के गले पर भी कैंची से वार किया। इसके बाद फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की।

काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों और पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर सादाब फंदे से लटका मिला, जिसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं कंबल में लिपटी बच्ची गंभीर हालत में मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया है। रूकसार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि आरोपी का इलाज एसएमएस अस्पताल में कराया गया, जहां से छुट्टी मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराब समझकर संदिग्ध जहरीला लिक्विड पीने से 4 की मौत

### शादी समारोह में सफाई के लिए रखा लिक्विड ले गए थे मजदूर; एक महिला की हालत गंभीर







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के अलोली गांव में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई, जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी ने संदिग्ध जहरीला लिक्विड को शराब समझकर पी लिया था। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को अलोली निवासी हरदयाल सिंह के परिवार में शादी समारोह आयोजित हुआ था। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। समारोह के बाद बर्तनों की सफाई के लिए कुछ प्लास्टिक की बोतलों में लिक्विड रखा गया था। अगले दिन शादी में काम करने गए कुछ मजदूर भोजन लेने घर पहुंचे और वहीं से पानी जैसे दिखने वाले लिक्विड से भरी चार बोतलें अपने साथ ले गए।

बताया जा रहा है कि 12 फरवरी की शाम को सुशीला, बादामी, जमनी देवी और रतन ने इन बोतलों में भरे लिक्विड को शराब समझकर पी लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टियां शुरू हो गईं। परिजनों व पड़ोसियों ने सभी को गंगापुर अस्पताल पहुंचाया, जहां गुरुवार रात जमनी (60) पत्नी शंकर कंजर, रतन (42) पुत्र मिश्री लाल कंजर और उसकी पत्नी सुशीला (40) की मौत हो गई।

दो अन्य महिलाओं को भीलवाड़ा रेफर किया गया, लेकिन बादामी (60) पत्नी जानकी लाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सनू (22) पत्नी पप्पू लाल कंजर की हालत गंभीर है और उसका इलाज जारी है। घटना की रिपोर्ट परिजनों द्वारा गंगापुर थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार एक मृतक के पेट में संदिग्ध जहरीला लिक्विड मिला है। सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि लिक्विड में क्या तत्व थे।

### अवैध मेथेनॉल बेचने वाली फर्म पर केस, 19 बोतलें जब्त

आलोली मेथेनॉल कांड में जांच के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सीएमएचओ व ड्रग कंट्रोल विभाग की संयुक्त टीम ने शहर स्थित मैसर्स माहेश्वरी एसिड एंड केमिकल्स, कॉलेज रोड, भीलवाड़ा पर छापा मारकर बिना लाइसेंस बेचे जा रहे मेथेनॉल को जब्त किया। जांच के दौरान दुकान पर 20 बोतलों में मेथेनॉल पाया गया, जिन पर कोई लेबल अंकित नहीं था। फर्म मालिक अनुज सोमानी (38), निवासी शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा वैध लाइसेंस व परमिट प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम ने 19 बोतलें जब्त कीं तथा 1 बोतल एफएसएल जांच के लिए सीलबंद की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मेथेनॉल 'पॉइजन' श्रेणी में आते हुए भी बिना लाइसेंस खुदरा विक्रेताओं को बेचा जा रहा था। इस संबंध में कोतवाली थाने में प्रकरण मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

C M Y K

# 5 हजार का इनामी अवैध हथियार सप्लायर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतापनगर थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी आर्म्स एक्ट के एक प्रकरण सहित अन्य मामले में भी वांछित था। पुलिस ने कार्रवाई प्रतापनगर थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया को मामला बीते वर्ष के 15 दिसंबर का है, जब थाना पुलिस ने आशीष जोशी को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान सामने आया कि जब्त पिस्टल मध्यप्रदेश निवासी सज्जन सिंह पुत्र घनश्याम परमार द्वारा सप्लाई की गई थी।

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश के धार जिले के लालबाग में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 2023 के एक प्रकरण में भी वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# शाहपुरा में हादसाः कटर मशीन की चपेट में आने से चालक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

निकटवर्ती डाबला रोड स्थित एक खेत में शुक्रवार को सरसों निकालते समय भीषण हादसा हो गया। कटर मशीन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार राजू तेली (42) पुत्र गोपाल तेली, निवासी शाहपुरा, अपने भाई के ट्रैक्टर पर चालक के रूप में कार्य करता था। शुक्रवार को वह ट्रैक्टर मालिक के खेत में सरसों निकालने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चल रही कटर



मशीन में गिर गया। हादसा इतना भयावह था कि उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग स्तब्ध रह गए।


मृतक के चचेरे भाई हंसराज ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि राजू अपने भाई के ट्रैक्टर पर ड्राइवर का कार्य करता था और सरसों निकालते समय यह हादसा हो गया।

सूचना मिलते ही शाहपुरा थाने से एएसआई जगदीश प्रसाद, कांस्टेबल जोगिंदर सिंह एवं किशन गोपाल खींची मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कटर मशीन से शव को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से शाहपुरा के राजकीय अस्पताल भिजवाया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# नेशनल हाईवे-158 का 700 मीटर बना हादसा ज़ोन, रोज फिसल रहे वाहन

## खारी पुल से प्रेस क्लब चौराहे तक सड़क बदहाल; छह माह बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नेशनल हाईवे-158 पर आसींद नगर से गुजर रहा करीब 700 मीटर का हिस्सा इन दिनों आमजन के लिए भारी परेशानी और हादसों का कारण बना हुआ है। खारी नदी के पुल से लेकर प्रेस क्लब चौराहे तक सड़क की हालत बेहद खराब है। गहरे गड्ढे, कीचड़ और उड़ती धूल के कारण यह मार्ग 'हादसा ज़ोन' में तब्दील हो चुका है, जबकि प्रशासन अब तक ठोस समाधान नहीं कर पाया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दीपावली के समय सड़क चौड़ीकरण के नाम पर दोनों ओर के मकानों को तोड़ दिया गया था, लेकिन करीब छह महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

नगरवासी देवी लाल माली ने बताया कि धूल-मिट्टी लगातार उड़ने से आसपास रहने वाले लोग बीमार पड़ रहे हैं। कई महिलाएं और पुरुष इलाज करवा रहे हैं।

इस 700 मीटर के हिस्से के दोनों ओर लगभग 50 से 60 परिवार निवास करते हैं। मकान टूटने के बाद कई परिवार खुले में खाना बनाने और सोने को मजबूर हैं। विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शुक्रवार को चितांबा निवासी मांगीलाल योगी बाइक फिसलने से गिर गए, जिससे उनका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया। आसपास के दुकानदारों ने उन्हें संभालकर आसींद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कुछ समय बाद एक अन्य बाइक चालक भी अपनी पत्नी सहित कीचड़ और गड्ढों के कारण गिर पड़ा।

स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भरा रहता है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन फिसल रहे हैं। प्रतिदिन तीन से चार छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कर सका है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए और जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि लगातार हो रहे हादसों पर रोक लग सके और आमजन को राहत मिल सके।

# रास्ता रोक दो ग्रामीणों पर हमला, धारदार हथियारों से किया लहूलुहान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले के आसींद थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम बाइक से घर लौट रहे दो ग्रामीणों पर कुछ लोगों ने रास्ता रोककर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अहीरों का खेड़ा निवासी हीरा पुत्र हरलाल गुर्जर (50) और उदय राम पुत्र लक्ष्मण गुर्जर (60) बाइक से आसींद से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पालड़ी से बहादुरपुरा मार्ग पर गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि नंदा राम पुत्र नानु, भंवरलाल पुत्र हरदेव, प्रभुलाल पुत्र नानु और हरजी पुत्र नानु बाइक पर सवार होकर आए और दोनों के साथ गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में हीरा गुर्जर के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि उदय राम को भी अंदरूनी चोटें पहुंची हैं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायल पक्ष का कहना है कि कुछ दिन पूर्व गांव में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसकी सूचना उन्होंने प्रशासन को दी थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी बात को लेकर हमलावरों ने रंजिशवश वारदात को अंजाम दिया।पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कोटा में NEET छात्रा जहर खाने के बाद बोली- 'मुझे बचा लो', इलाज के दौरान मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

(गर्वित) नीट की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जहर सेवन के बाद तबीयत बिगड़ने पर उसने खुद ही आसपास मौजूद लोगों से कहा 'मुझे बचा लो, गलती हो गई।' उसे तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला दादाबाड़ी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार छात्रा मध्य प्रदेश की निवासी थी और करीब तीन महीने पहले ही कोटा आकर नीट की तैयारी कर रही थी। गुरुवार रात करीब 10 बजे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी। साथ रहने वाले छात्रों और मकान मालिक ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। रिश्ते में भाई लगने वाले छात्र ने बताया कि गुरुवार दोपहर छात्रा ने उससे 100 रुपए उधार मांगे थे, जो उसने दे दिए। रात में सूचना मिली कि उसकी तबीयत खराब है और उल्टियां हो रही हैं। मौके पर पहुंचने पर छात्रा ने जहर खाने की बात कही। परिजनों के अनुसार छात्रा ने ऑफलाइन टेस्ट सीरीज जॉइन कर रखी थी और पढ़ाई ठीक चल रही थी। पिता ने बताया कि गुरुवार रात 8 बजे बेटी से बात हुई थी और उसने बताया था कि उसने खाना खा लिया है। परिजन को घटना की सूचना मिलने पर वे मध्य प्रदेश से कोटा पहुंचे। थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध गारनेट खनन पर डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

## साकरिया खेड़ा में छापा, तीन सेपरेटर मशीन, पांच ट्रैक्टर व एक जेसीबी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने गुरुवार रात सदर थाना क्षेत्र के साकरिया खेड़ा गांव में बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान अवैध गारनेट खनन में प्रयुक्त भारी मशीनरी और वाहन जब्त किए गए, जिससे क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया।

टीम प्रभारी दीपक लाम्बा ने बताया कि साकरिया खेड़ा गांव में अवैध गारनेट खनन की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। यह छापेमारी आईपीएस अधिकारी माधव उपाध्याय के नेतृत्व में की गई। मौके पर पहुंची टीम ने तीन सेपरेटर मशीन, पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन को जब्त कर सदर थाना पुलिस के सुपुर्द किया।

जब्त किए गए उपकरणों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नवकार महामंत्र सामूहिक जाप के 5 वर्ष पूर्ण, 15 फरवरी को विशेष आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के सानिध्य में पिछले पांच वर्षों से प्रत्येक रविवार नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं श्रद्धापूर्वक भाग लेते हैं।

15 फरवरी रविवार को पांच वर्ष पूर्ण होने पर प्रवर्तक सुकन मुनि एवं साध्वी कमल प्रभा म.सा. का आशीर्वाद प्राप्त होगा। श्रावक सुरेन्द्र संचेती ने बताया कि नवकार महामंत्र शुद्धि और आत्मकल्याण का मंत्र है तथा सामूहिक जाप से सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक प्रगति और भाईचारा बढ़ता है।

कार्यक्रम के अंत में लक्की पुरस्कार व प्रभावना का वितरण किया जाता है। छठे वर्ष में प्रवेश पर श्रावक-श्राविकाएं तप एवं त्याग के प्रत्याख्यान लेंगे। संघ ने सभी सहयोगियों की अनुमोदना की।

# पंचायत पुनर्गठन पर जैतपुरा का विरोध, पालड़ी में शामिल करने की मांग

## धौली पंचायत में जोड़े जाने से नाराज ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे; आंदोलन और बहिष्कार की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

आसींद विधानसभा क्षेत्र के जैतपुरा गांव में पंचायत पुनर्गठन का फैसला अब जनआंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। गांव को नजदीकी पालड़ी पंचायत के बजाय लगभग 9 किलोमीटर दूर धौली पंचायत में शामिल किए जाने के निर्णय से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि पालड़ी पंचायत भौगोलिक रूप से उनके गांव के सबसे करीब है, जहां से वर्षों से उनके प्रशासनिक कार्य, प्रमाण पत्र, योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाएं और अन्य आवश्यक कामकाज आसानी से संपन्न होते रहे हैं।



धौली पंचायत में शामिल किए जाने से दूरी बढ़ने के साथ-साथ समय और संसाधनों की अतिरिक्त लागत भी उठानी पड़ेगी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत पुनर्गठन के दौरान स्थानीय जनभावनाओं और भौगोलिक परिस्थितियों को नजरअंदाज किया गया। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त संवाद और ठोस कारण के लिया गया यह निर्णय ग्रामीणों के हित में नहीं है।

इस मुद्दे को लेकर ग्रामीण पहले भी विरोध जता चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पुनर्गठन के आदेश पर पुनर्विचार करने और जैतपुरा गांव को पुनः पालड़ी पंचायत में शामिल करने की मांग की है।




QUICK BITES

## छोटी बिजोलिया में तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर** । उपखण्ड क्षेत्र के छोटी बिजोलिया गांव में भगवान शिव की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन के दौरान सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया साथ ही भव्य जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर मंदिर परिसर तक पहुंचे और भगवान शिव की विधिवत आराधना की। पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो उठा। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिवस विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

## धानेश्वर विश्वकर्मा मंदिर में बड़े विनायक की स्थापना, सामूहिक विवाह की तैयारियां शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)।** धानेश्वर विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को बड़े विनायक की स्थापना श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान 19 फरवरी को आयोजित तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित कर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महावीर आरोलिया ने की। अध्यक्ष कैलाश चंद्र पालडीया ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। पंजीयन, वर-वधू को दिए जाने वाले उपहार एवं वितरण व्यवस्था पर चर्चा की गई।

सम्मेलन में मुख्य कलश, भगवान के चरण धोने, पत्तल-दोने उठाने एवं तुलसी माता को विवाह में विराजमान कराने की बोलियां 17 फरवरी तक जारी रहेंगी। बैठक में संरक्षक, पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# केंद्रीय राज्य बजट पर भीलवाड़ा में मंथन, श्रमिकों और किसानों को राहत का दावा

## ओबीसी मोर्चा सम्मेलन में 31 करोड़ श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





भाजपा जिला संगठन के नेतृत्व एवं ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर श्रमिक संवाद सम्मेलन एवं केंद्रीय राज्य बजट 2026 परिचर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत मुख्य अतिथि रहे तथा अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की।

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा नंदलाल गुर्जर, प्रदेश कार्यालय मंत्री रामेश्वर लाल गुर्जर, जिला प्रभारी बद्रीलाल सांमरिया, प्रदेश मॉनिटरिंग सदस्य विजेंद्र चौधरी, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भगवत सिंह राठौड़, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर व राजेश सेन मंचासीन रहे।

मुख्य वक्ता महेंद्र कुमावत ने केंद्रीय व राज्य बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास का ब्लूप्रिंट बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट राजस्थान को देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने 31 करोड़ असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, पेंशन प्रावधान, 12 लाख रुपए तक आय पर टैक्स छूट, 12.2 लाख करोड़ रुपए कैपिटल एक्सपेंडिचर, ईआरसीपी व यमुना जल समझौते, 35 लाख किसानों को फसली ऋण, 1.25 लाख भर्तियां, 5 लाख बिजली कनेक्शन, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, नंद घर योजना व वृद्धावस्था पेंशन वृद्धि सहित कई प्रावधानों को जनहितकारी बताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि बजट 'विकसित राजस्थान ञ्च2047' का संकल्प है। उन्होंने बूथ स्तर पर ओबीसी मोर्चा को मजबूत करने का आह्वान किया। इससे पूर्व गंगापुर क्षेत्र के आलोली गांव में लिक्विड पदार्थ पीने से मृत श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

देव दर्शन कार्यक्रम के तहत कुमावत ने टंकी के बालाजी मंदिर में दर्शन किए। संचालन व आभार सज्जन सुथार ने किया। ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम भीलवाड़ा आगमन पर 50 किलो फूलों का हार व तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा महामंत्री रवि पुरी, सज्जन सुथार, यशवर्धन सेन, रतन आचार्य, दलीचंद गाडरी, नारायण लाल जाट, किशन लाल रेबारी, मूलचंद रेबारी, मनीष जांगिड़, महेंद्र सिंह चुंडावत, राजेंद्र सिंह पवार, चुन्नीलाल कुमावत, भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, ललित अग्रवाल, गोपाल तेली, सुरेंद्र सिंह मोटरास, अंकुर बोरदिया, महावीर समदानी, शशांक बिरला, मनोज बुलानी, अभीश्रुता सोलंकी, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, आकाश मालावत सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो माह से सूखी पड़ी सार्वजनिक टंकी, ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाढ़ का झोपड़ा के रायनगर का झोपड़ा में बिसलपुर पेयजल परियोजना से जुड़ी सार्वजनिक पेयजल टंकी पिछले दो महीनों से सूखी पड़ी है। मंगलाराम रेगर के मकान के पास स्थित यह टंकी कभी ग्रामीणों और राहगीरों के लिए पेयजल का मुख्य स्रोत थी, लेकिन वर्तमान में इसमें पानी की एक बूंद भी नहीं है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नियमित जलापूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में टंकी में पानी नहीं पहुंच रहा। पानी नहीं मिलने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज के हैंडपंप व बोरवेल से पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। शुक्रवार को ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो उपखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पानी की आपूर्ति शुरू करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# ब्रह्माकुमारी पाठशाला सेवा केंद्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन





भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

कस्बे के ब्रह्माकुमारी पाठशाला सेवा केंद्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर भीलवाड़ा से पधारी ब्रह्माकुमारी इंदिरा बहन, मीनाक्षी, संगीता एवं रेखा दीदी का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत-अभिनंदन किया गया।

केंद्र की प्रमुख संचालिका विजयलक्ष्मी दीदी ने परमात्मा शिव के अवतरण की महिमा का वर्णन करते हुए आध्यात्मिक संदेश दिया। कार्यक्रम में शिव परमात्मा को भोग अर्पित किया गया तथा 'कल्याणकारी एक परमात्मा' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता संदीप सोनी, तहसीलदार शैतान सिंह मीणा एवं थाना प्रभारी मालीराम ने संबोधित करते हुए आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अतिथियों का स्वागत श्यामलाल, राधेश्याम, बालकिशन, सत्यनारायण व श्रीराम भाई ने ईश्वरीय सौगात भेंट कर किया।

इस दौरान परमात्मा शिव की विशेष झांकियां सजाई गईं। बच्चों ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' सहित विभिन्न भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।संचालन श्याम भाई ने किया।

## विधिक सेवा समिति की पहल, विद्यार्थियों को दी कानूनी जागरूकता



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर शुक्रवार को भोपतपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी अंजली नायक व गोपाललाल पराशर ने विद्यार्थियों को बाल विवाह से होने वाली सामाजिक, शारीरिक और मानसिक हानियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही विवाह की वैधानिक आयु की जानकारी देते हुए बच्चों को शपथ दिलाई कि वे न स्वयं बाल विवाह करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल देवीशंकर मीणा, स्टाफ सदस्य अल्ताब हुसैन, मस्तराम मीणा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ठाकुर जी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के रायपुर-सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में श्याम भक्ति का अद्भुत रंग देखने को मिला। बाडिया ठाकुर जी श्याम की लीला से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए।

बाडिया गांव से ठाकुर जी को भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ शोभायात्रा में बोराणा लाया गया। रथ में सवार ठाकुर जी के दर्शन के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं और युवाओं ने भजनों पर झूमते हुए माहौल को पूरी तरह श्याममय बना दिया।

बोराणा में श्रद्धालु रामपाल, कैलाश चंद्र, रमेश चंद्र व शंभू लाल माली के निवास पर ठाकुर जी को पावणा (विशेष अतिथि) के रूप में विराजमान कराया गया। आगमन पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया तथा डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए।

ग्रामीणों ने बताया कि ठाकुर जी का गांव में आगमन सौभाग्य और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा।

# फ़ोकस इम्पेक्टः भीलवाड़ा में अतिक्रमण पर जेसीबी का पीला पंजा

## मुख्य बाजार और आजाद चौक में कार्रवाई, वर्षों से जमे कब्जों पर चला अभियान






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

एक जनवरी को 'नया साल नई उम्मीदें, लेकिन क्या बदलेगा शहर का सच' शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार नगर निगम हरकत में आया। खबर के असर को गंभीरता से लेते हुए निगम ने शहर में काबिज अतिक्रमणों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जेसीबी का पीला पंजा गरजा तो सालों से जमे अवैध कब्जों पर हड़कंप मच गया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दस्ते ने बड़ा बयान देते हुए स्वीकार किया कि अब तक राजनीतिक दबाव के चलते प्रभावी कार्रवाई करना मुश्किल हो रहा था। लेकिन अब बिना किसी दबाव के शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान लगातार चलाया जाएगा।

वर्ष 2025 में स्वच्छता में अव्वल का अवार्ड पाने वाले शहर के कई वार्डों की जमीनी हकीकत अलग ही कहानी बयां कर रही थी। मुख्य बाजार अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण से बुरी तरह प्रभावित था। सड़कें संकरी हो चुकी थीं और राहगीरों के लिए निकलना चुनौती बन गया था। आजाद चौक क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वे कई बार क्षेत्रीय पार्षद को समस्या से अवगत करवा चुके थे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सड़क के बीचों-बीच लगे खाने-पीने के ठेले, खड़े वाहन और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आए दिन झगड़े की नौबत आती थी। दुपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना जोखिम भरा था। बाजार नंबर तीन में दुकानदारों द्वारा दुकान से ज्यादा सामान सड़क पर रख देने से 20 फीट चौड़ी सड़क सिकुड़कर करीब 5 फीट रह जाती थी। यहां से दुपहिया-चौपहिया वाहनों का निकलना दूभर हो जाता था। छिपा बिल्डिंग के पीछे और सड़क किनारे खड़े फल-फ्रूट के हाथ ठेलों से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। प्रताप टॉकीज को तोड़कर बनाए जा रहे निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स के आसपास भी अतिक्रमण बढ़ रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप था कि लोहे की चद्दरों की आड़ में अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे थे। वहीं चाट-पकौड़ी की दुकानों के बाहर खड़े वाहन भी राह में रोड़ा बन रहे थे।

अव्यवस्थित यातायात को लेकर यातायात प्रभारी बाबूलाल टेपण ने कहा कि नगर निगम के सहयोग से नए वर्ष में आमजन को व्यवस्थित यातायात की राहत दिलाने का प्रयास रहेगा और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए संयुक्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नगर निगम की यह कार्रवाई लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरती नजर आ रही है। यदि यह अभियान निरंतर जारी रहा तो शहर में सुगम यातायात व्यवस्था और साफ-सुथरा माहौल देखने को मिलेगा।

लेकिन यदि फिर से अतिक्रमण काबिज हो गए तो यह कार्रवाई 'ढाक के तीन पात' साबित होगी।

# रोडवेज डिपो के आधुनिकीकरण पर विधानसभा में उठा सवाल

## विधायक कोठारी ने मांगा बसों की संख्या व लग्जरी कोच खरीद का पूरा विवरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यप्रणाली, बसों की उपलब्धता तथा भीलवाड़ा रोडवेज डिपो के आधुनिकीकरण को लेकर प्रश्न उठाते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है।

विधायक कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, लेकिन रोडवेज बसों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने के कारण यात्रियों का रुझान निजी वीडियो कोच और वातानुकूलित बसों की ओर बढ़ रहा है।

विधानसभा में प्रश्न रखते हुए उन्होंने परिवहन मंत्री से पूछा कि बजट वर्ष 2024-25 में भीलवाड़ा जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस डिपो को आधुनिक सुविधायुक्त बनाने की घोषणा की गई थी। प्रदेश के 10 डिपो का चयन भी किया गया, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी भीलवाड़ा बस स्टैंड की स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने अब तक हुए कार्यों का प्रगति विवरण सदन की मेज पर रखने की मांग की। कोठारी ने मार्च 2020 में भीलवाड़ा रोडवेज डिपो में उपलब्ध बसों की संख्या तथा दिसंबर 2025 तक की स्थिति का वर्षवार और श्रेणीवार लग्जरी व नॉन-लग्जरी विवरण मांगा। साथ ही वर्तमान में संचालित कुल बसों की संख्या स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने यह भी प्रश्न किया कि क्या सरकार ने वर्ष 2019 से अब तक अत्याधुनिक वॉल्वो एवं अन्य वातानुकूलित लग्जरी बसों की खरीद की है? यदि हां, तो कितनी बसें खरीदी गईं और किन-किन डिपो को आवंटित की गई ,इसका विस्तृत विवरण सदन में प्रस्तुत किया जाए।

विधायक ने वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक आमजन को सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपलब्ध कराई गई नई बसों की जिलेवार जानकारी भी मांगी।

कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। ऐसे में यहां आधुनिक बस स्टैंड तथा पर्याप्त लग्जरी व सेमी-लग्जरी बसों की व्यवस्था समय की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिल सकें।

# खारी डेम को ईआरसीपी योजना में शामिल करने की मांग

## विधायक जब्बर सिंह साँखला ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



क्षेत्र के किसानों की सिंचाई समस्या और बढ़ते पलायन को लेकर विधायक जब्बर सिंह साँखला ने राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र में नियम 295 के अंतर्गत खारी डेम को ईआरसीपी (ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) या अन्य किसी सिंचाई योजना में शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि खारी डेम आसींद क्षेत्र का सबसे बड़ा जलस्त्रोत है और इससे हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है।

भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर के अनुसार विधायक साँखला ने सदन में कहा कि खारी डेम से हजारों गांवों के लाखों किसान लाभान्वित होते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से पर्याप्त वर्षा नहीं होने और स्थायी रोजगार के अभाव में किसान अपनी जमीनें बेचकर या परिवार सहित अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में खेती ही आजीविका का मुख्य साधन है।

विधायक ने सरकार से आग्रह किया कि खारी डेम को ईआरसीपी या नई योजना के तहत जोड़ा जाए। साथ ही खारी डेम को मेजा डेम से जोड़ने वाली डीपीआर योजना में शामिल करने की भी मांग की, ताकि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो सके। उनका कहना था कि यदि यह योजना लागू होती है तो हजारों किसान परिवारों का पलायन रुकेगा और क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फसल उत्पादन बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि इससे जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा और केंद्र व राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा।

विधायक साँखला ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को राजस्थान का 'भागीरथ' बताते हुए उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र ही खारी डेम को ईआरसीपी योजना में शामिल कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देगी।

### बनकाखेड़ा में महाशिवरात्रि महोत्सव पर विशाल भजन संध्या आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा । समिति के सदस्य कमलेश राव ने बताया कि नवयुवक मंडल शिव नगर एवं समस्त ग्रामवासी बनकाखेड़ा के द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व पर शनिवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूल मैदान मे महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर युवराज वैष्णव एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी, उनके साथ श्यामलाल गुर्जर व ओम धर्मावत भी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे । वही इससे पूर्व शाम 6 बजे बस स्टैंड शिवनगर से शंकर भगवान का जुलूस निकाला जायेगा ।।

## QUICK BITES

### महाशिवरात्रि पर श्री चंवरा हनुमान मंदिर में आयोजन 16 को

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़लियास स्थित श्री चंवरा हनुमान मंदिर में 16 फरवरी को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांव में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

मंदिर परिसर में सुबह 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण के बीच भक्तगण प्रभु श्रीराम व हनुमान जी का गुणगान करेंगे। दोपहर 12:15 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन का संचालन सांवरिया सेठ मित्र मंडल द्वारा किया जा रहा है।

### खोतकुडी महादेव में भजन संध्या व मेला 16-17 फरवरी को

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



ग्राम पंचायत गेणोली, मोहनपुरा, नीम का खेड़ा के खोतकुडी स्थित महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 16 एवं 17 फरवरी को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा ।

मोहनपुरा ग्राम पंचायत प्रशासक रामस्वरूप तेली ने बताया कि 16 फरवरी को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर खोतकुडी महादेव मंदिर में भव्य भजन संध्या आयोजित होगी। इसमें भजन गायक अर्जुन राणा, भजन गायिका अनु पांचल, कॉमेडी कलाकार सांवर सेन एंड पार्टी द्वारा भजनों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तजन शामिल होंगे।इसके अगले दिन 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से मेला प्रारंभ होगा। मेले के दौरान युवराज वैष्णव एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामलक्ष्मण शर्मा ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। साइकिल पाते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंजायमान हो गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य प्रियंका आलोरिया ने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के मधुसूदन शर्मा, कीर्ति शर्मा, राजेंद्र माली, लता सैनी, गीता बाई, अलका वैष्णव, उषा नाथावत सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### बालिका विद्यालय में 80 छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिलें

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 80 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य एवं भाजपा के महामंत्री दीपक कुमार सेन, कैलाश नगला, महावीर उपाध्याय, जगदीश कुमार प्रजापत सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय स्टाफ व प्रधानाचार्य इंदिरा जैन के नेतृत्व में अतिथियों का ऊपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

### डॉ. जैन के निधन पर परिवार ने किया नेत्रदान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



लोकतंत्र सेनानी डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के निधन के बाद शोक की घड़ी में परिवार ने उनकी आंखें दान कर मानवता की मिसाल पेश की।

पुत्र समर व शेखर जैन सहित परिवारजनों ने यह प्रेरक निर्णय लिया। इस पहल में तेरापंथ युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमित महता, अभिषेक आंचलिया व मनीष चोरड़िया का सहयोग रहा। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश भदादा के निर्देशन में रामस्नेही आय बैंक की टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। परिवार के सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।